मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान- भोपाल
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology, Bhopal
(An Institute of National importance under Ministry of Education, Govt. of India)

Ch. C.O.W./2025/4554 Date: 28/01/2025

कार्यालय,अध्यक्ष छात्रपाल परिषद

सूचना

समस्त छात्रावासों के छात्रपाल, सह-छात्रपाल एवं केयरटेकर से यह अपेक्षा की जाती है कि छात्रावास में निवासरत छात्रों को यदि छात्रावास में ही उनके द्वारा आवंटित कमरे से दूसरे कमरे में रहना चाहता है तो छात्रों के द्वारा आवेदन पत्र में आवंटित कमरे की जानकारी के साथ जिस कमरे में जाना चाहता है उस कमरे में रहने वाले छात्र की सहमति पत्र के साथ छात्रपाल, सह-छात्रपाल एवं केयरटेकर के हस्ताक्षरित आवेदन पत्र कार्यालय, अध्यक्ष छात्रपाल परिषद् में प्रस्तुत करे।

छात्रावास में निवासरत छात्रों को यदि दूसरे छात्रावास में कमरा आवंटन करवाना हो तो छात्र द्वारा आवेदन पत्र में जिस छात्रावास में कमरा आवंटन करवाना है उस छात्रावास के केयरटेकर एवं छात्रपाल के हस्ताक्षरित आवेदन पत्र के साथ छात्र के पहचान पत्र (**I-Card**) की दोनों तरफ की प्रतिलिपि संलग्न करे एवं कार्यालय, अध्यक्ष छात्रपाल परिषद् में प्रस्तुत करे।

छात्रावास में निवासरत छात्र, छात्रावास को छोड़कर डे-स्कॉलर बनना चाहता हो तो उसके द्वारा आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र (**I-Card**), अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित सहमति पत्र संलग्न करे, अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित सहमति पत्र (Consent letter) छात्र पोस्ट के द्वारा बुलवाकर उस पत्र के लिफ़ाफे के साथ संलग्न करना आवयशक है एवं उनके अभिभावकों से केयरटेकर द्वारा बात करके आवेदन पत्र पर छात्रपाल/सहायक छात्रपाल द्वारा हस्ताक्षरित एवं छात्रावास का डिस्पैच करवाना आवयशक है।

यदि डे-स्कॉलर छात्र/छात्रा को छात्रावास आवंटन करवाना हो तो उनके आवेदन पत्र के साथ उनका एडमिशन स्लिप एवं छात्र के पहचान पत्र (**I-Card**) की दोनों तरफ की प्रतिलिपि संलग्न कर एवं कार्यालय, अध्यक्ष छात्रपाल परिषद् में प्रस्तुत करे।

उपरोक्त प्रक्रिया को पूरा किये बिना यदि कोई भी छात्र किसी अन्य कमरे अथवा छात्रावास में निवासरत पाया जाता है तो उक्त छात्र अनाधिकृत रूप से छात्रावास में निवासरत है ऐसा समझा जायेगा एवं छात्र के विरुद्ध संस्थान के नियमानुसार उचित दण्डात्मक कार्यवाही के साथ उनका आवंटन निरस्त किया जायेगा।

अध्यक्ष,
छात्रपाल परिषद्

अध्यक्ष
CHAIRMAN
छात्रपाल परिषद
Council of Wardens
मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
Maulana Azad National Institute of Technology
भोपाल (म.प्र.) / BHOPAL (M.P.)

प्रतिलिपि :

1. समस्त छात्रपाल, सह-छात्रपाल
2. छात्रावास के सूचना पटल पर प्रेषित
3. संकायध्यक्ष (छात्र कल्याण)
4. A.R (अकादमिक)
5. PIC वेबसाइट,वेबसाइट पर प्रेषित करने हेतु
6. निज सहायक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ